राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री द्वारा ई–रूपी प्रीपेड वाउचर के शुभारंभ कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिये भाग लिया

पटना, 02 अगस्त 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ई–रूपी (e-RUPI) प्रीपेड वाउचर के शुभारंभ कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिये भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री ने ई–रूपी (e-RUPI) प्रीपेड वाउचर लॉन्च किया। नेशनल पेमेन्ट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) द्वारा उसके यू०पी०आई० प्लेटफॉर्म पर वित्तीय सेवा विभाग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सहयोग से विकसित ई–रूपी पर्सन स्पेसिफिक (Person Specfic) तथा पर्पस स्पेसिफिक (Purpose Specific) सिस्टम है जो बिना किसी फिजिकल इंटरफेस के डिजिटल तरीके से लाभार्थियों और सर्विस प्रोवाइडर के साथ सर्विस के स्पॉन्सर को जोड़ता है।

इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री ने कहा कि ई–वाउचर देश में डिजिटल ट्रान्जेक्शन और डी०बी०टी० को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा इससे लोगों को लक्षित (Targeted), पारदर्शी और लीकेज– फ्री डिलीवरी में मदद मिलेगी।

....